C M Y K

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 254 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शुक्रवार, 13 मार्च ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## निर्वाचन आयोग ने कहा चुनाव में देरी हुई तो विभागीय अधिकारियों की होगी जिम्मेदारी

### 15 अप्रैल तक चुनाव कराने का है हाईकोर्ट का आदेश, आयोग की तैयारी पूरी

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

प्रदेश में पंचायतीराज चुनाव कराने की प्रक्रिया ओबीसी आरक्षण की रिपोर्ट अटकने से अटकी हुई है। राज्य निर्वाचन आयोग ने सरकार को पत्र लिखकर स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि तय समय पर चुनाव नहीं कराए गए और सुप्रीम कोर्ट या हाईकोर्ट ने अवमानना की कार्रवाई की, तो इसकी जिम्मेदारी पंचायतीराज विभाग के अधिकारियों की होगी।

आयोग के मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजेश वर्मा ने पंचायतीराज विभाग को भेजे पत्र में बताया कि पंचायतीराज संस्थाओं में ओबीसी आरक्षण वाले वार्डों की रिपोर्ट अब तक नहीं मिली है। इसके कारण ओबीसी वार्डों का निर्धारण नहीं हो




पाया है और चुनाव कार्यक्रम की घोषणा भी अटकी हुई है। सुप्रीम कोर्ट और राजस्थान हाईकोर्ट के आदेशों के अनुसार पंचायतीराज चुनाव की पूरी प्रक्रिया 15 अप्रैल तक पूरी करना अनिवार्य है। निर्वाचन आयोग ने पत्र में यह भी सुझाव दिया है कि यदि ओबीसी आरक्षण के लिए 'ट्रिपल टेस्ट' की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाती है तो सुप्रीम कोर्ट के सुरेश महाजन बनाम मध्यप्रदेश सरकार (2022) मामले के आदेश के अनुसार एससी-एसटी को छोड़कर शेष सीटों को सामान्य श्रेणी में अधिसूचित कर चुनाव करवाए जा सकते हैं। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि राजस्थान हाईकोर्ट ने शीला कुमारी बनाम राज्य सरकार मामले में आदेश देते हुए 15 अप्रैल तक चुनाव प्रक्रिया पूरी करने को कहा है। ऐसे में आरक्षण की सूचना समय पर नहीं मिलने पर आयोग चुनाव कार्यक्रम घोषित नहीं कर पा रहा है।

उधर राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। आयोग 25 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची जारी कर चुका है, ईवीएम और बैलेट बॉक्स तैयार हैं और कर्मचारियों का प्रशिक्षण भी हो चुका है। सरकार से वार्डों के आरक्षण की रिपोर्ट मिलते ही चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी।

## अंटाली तहसील में एसीबी की बड़ी कार्रवाई: ई-मित्र संचालक 60 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

### लीज डीड पंजीयन के नाम पर मांगी थी रिश्वत, तहसीलदार की भूमिका भी जांच के दायरे में







**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**मूलचन्द पेसवानी।** जिले की अंटाली तहसील में गुरुवार को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ई-मित्र संचालक को 60 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। यह राशि लीज पर ली गई भूमि की लीज डीड का पंजीयन कराने के एवज में मांगी गई थी।

एसीबी के अनुसार परिवादी ने शिकायत दी थी कि उसकी फर्म द्वारा ग्राम जवानपुरा, तहसील अंटाली में लीज पर ली गई भूमि की लीज डीड रजिस्ट्रेशन के लिए ई-मित्र संचालक हेमराज खटीक से संपर्क किया गया। इस दौरान उसने बताया कि काम के लिए तहसीलदार गणेश कच्छावा से मिलना होगा।

शिकायत के अनुसार बाद में ई-मित्र संचालक ने परिवादी को बताया कि तहसीलदार से बात हो गई है और काम कराने के लिए प्रति बीघा 10 हजार रुपये के हिसाब से कुल 60 हजार रुपये देने होंगे। इसके बाद परिवादी ने इसकी शिकायत एसीबी से की।

एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर अजमेर इकाई ने शिकायत का सत्यापन कराया। सत्यापन के दौरान 9 और 10 मार्च को हुई वार्ता में तहसीलदार गणेश कच्छावा द्वारा ई-मित्र संचालक हेमराज खटीक के माध्यम से रिश्वत लेने की बात सामने आई।

इसके बाद पुलिस अधीक्षक महावीर सिंह राणावत के सुपरविजन में एसीबी अजमेर की निरीक्षक कंचन भाटी के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई की गई। गुरुवार को आरोपी हेमराज खटीक ने परिवादी से 60 हजार रुपये लेकर अपनी टेबल की दराज में रखे, तभी एसीबी टीम ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया और रिश्वत की राशि बरामद कर ली।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस गोविंद गुप्ता ने बताया कि आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में तहसीलदार गणेश कच्छावा व अन्य की भूमिका की भी जांच की जा रही है। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के सुपरविजन में आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। एसीबी ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

ट्रैप कार्रवाई में एसीबी अजमेर इकाई की पुलिस निरीक्षक श्रीमती कंचन भाटी के साथ सहायक उप निरीक्षक युवराज सिंह तथा कांस्टेबल रविंद्र सिंह, हुकमा राम, दामोदर, राजूराम, मनफूल और मनीष शामिल रहे।

## चारभुजा मंदिर रंगोत्सव में महिलाओं के जेवर काटने वाली बाछड़ा गैंग के 7 आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण**

**दिनेश पारिक ।** थाना क्षेत्र में शीतला सप्तमी के अवसर पर चारभुजा मंदिर में आयोजित रंगोत्सव के दौरान महिलाओं के जेवर काटकर चोरी करने वाली बाछड़ा गैंग के 7 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया मंगलसूत्र व अन्य सामान भी बरामद किया गया है।

पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी महावीर प्रसाद के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई।

पुलिस ने बताया की 11 मार्च को शीतला सप्तमी के मेले में कोटड़ी



निवासी राधा अहीर चारभुजा मंदिर में रंगोत्सव कार्यक्रम में गई थीं। भीड़ का फायदा उठाकर पीछे चल रही महिलाओं ने उनके गले से सोने का मंगलसूत्र और छह मोती काटकर चोरी कर लिए। इस संबंध में थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और इलाके में निगरानी बढ़ाई। रात्रि गश्त के दौरान संदिग्ध हालत में घूम रही सात महिलाओं को एक कार सहित हिरासत में लिया गया। पूछताछ और मेडिकल जांच के दौरान एक महिला के शरीर के अंदर चोरी का मंगलसूत्र मिलने पर उसे अस्पताल ले जाकर बरामद किया गया।

पुलिस ने मध्यप्रदेश के नीमच जिले की रहने वाली शानु, व्रतिका, बरजी बाई, बसंती, मैना, पायल और सपना को गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले में अन्य वारदातों को लेकर भी आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

## नशे के काले साम्राज्य पर एएनटीएफ का वज्र प्रहार

### दो कार्रवाई में 22 किलो से ज्यादा अफीम बरामद, 5 तस्कर गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**( पुनित चपलोत)** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ लगातार दो बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 22 किलो 527 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम बरामद की है। कार्रवाई के दौरान पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि तस्करी में प्रयुक्त एक बोलेरो पिकअप और एक मोटरसाइकिल को भी जब्त किया गया है।

**पहली कार्रवाई में 22 किलो अफीम बरामद**

जानकारी के अनुसार एएनटीएफ भीलवाड़ा को सूचना मिली थी कि एक बोलेरो पिकअप में तीन व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ लेकर चित्तौड़गढ़ की ओर से श्रीगंगानगर जा रहे हैं। सूचना के आधार पर टीम रायला थाना क्षेत्र में दिल्ली-मुंबई हाईवे पर पहुंची और नाकाबंदी शुरू की। इसी दौरान चित्तौड़गढ़ की ओर से आती एक संदिग्ध बोलेरो पिकअप को रुकवाकर तलाशी ली गई। तलाशी



रायला थाना क्षेत्र में कार्यवाही

के दौरान वाहन से करीब 22 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम बरामद हुई। टीम ने वाहन में सवार तीन आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बोलेरो पिकअप (आरजे 31 जीबी 3173) को भी जब्त कर लिया है।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुभाष भूरिया (35) निवासी सुरतगढ़ जिला श्रीगंगानगर, मनफूल (26) निवासी रामसरा थाना महाजन जिला बीकानेर और कैलाश (20) निवासी सुरतगढ़ जिला श्रीगंगानगर के रूप में हुई है।

**दूसरी कार्रवाई में 527 ग्राम अफीम जब्त**

एएनटीएफ को एक अन्य सूचना मिली कि दो व्यक्ति मोटरसाइकिल पर अफीम की तस्करी करने जा रहे हैं। इस पर टीम एनएच-48 पर कोठारी नदी के पास चौराहे पर पहुंची और आरोपियों को पकड़ने के लिए सड़क के दोनों ओर घेराबंदी कर छिपकर बैठ गई।

कुछ ही देर में संदिग्ध मोटरसाइकिल आते ही टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को दबोच लिया। तलाशी के दौरान



मांडल थाना क्षेत्र में कार्यवाही

उनके पास से 527 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम बरामद हुई। पुलिस ने मोटरसाइकिल (आरजे 09 एस 9016) को भी जब्त कर लिया। इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अबरार खान (25) निवासी शिवदानपुरा थाना भदेसर जिला चित्तौड़गढ़ और मुन्ना भाई (75) निवासी चिकारड़ा थाना डूंगला जिला चित्तौड़गढ़ के रूप में हुई है। पुलिस दोनों मामलों में आरोपियों से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि अफीम की खेप कहां से लाई गई थी और इसे कहां सप्लाई किया जाना था।

## प्रदेश में घरेलू एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक, घबराने की जरूरत नहीं : गोदारा

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा है कि प्रदेश में घरेलू कुकिंग गैस (एलपीजी) का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और उपभोक्ताओं को गैस आपूर्ति को लेकर किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों के मद्देनजर प्रशासन द्वारा गैस सिलेंडरों की जमाखोरी या कालाबाजारी रोकने के लिए सभी जिलों में विजिलेंस टीमें सक्रिय कर दी गई हैं।

गोदारा ने बताया कि जिलों में कलेक्टर, एसपी और विभागीय अधिकारियों द्वारा नियमित जांच की जा रही है। जिलों से प्राप्त दैनिक रिपोर्ट के अनुसार घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी और अवैध भंडारण जैसी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण है तथा प्रदेश में ऐसी कोई स्थिति सामने नहीं आई है।

उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि शहरी क्षेत्र के उपभोक्ता पिछली डिलीवरी के 25 दिन बाद और ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता 45 दिन बाद ही गैस बुकिंग कराएं। साथ ही बुकिंग मोबाइल एप, वेबसाइट, व्हाट्सएप या आईवीआरएस के माध्यम से ही करें और गैस एजेंसी पर जाकर बुकिंग कराने से बचें।



मंत्री ने बताया कि गैस बुकिंग के 2 से 3 दिन के भीतर उपभोक्ताओं के घर पर सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। सभी डिलीवरी ओटीपी के माध्यम से की जा रही हैं ताकि सिलेंडर वास्तविक उपभोक्ता तक ही पहुंचे। वर्तमान व्यवस्था के तहत गैस एजेंसियों पर प्वाइंट डिलीवरी भी बंद कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि 9 मार्च के एलपीजी कंट्रोल ऑर्डर के तहत व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की सामान्य आपूर्ति बंद कर दी गई है और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार व्यावसायिक गैस केवल शैक्षणिक और चिकित्सा संस्थानों को ही उपलब्ध कराई जा रही है।

गोदारा ने कहा कि घरेलू गैस आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के लिए राज्य सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। गैस आपूर्ति में परेशानी या किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की जानकारी उपभोक्ता हेल्पलाइन नंबर 112, 14435 और 181 पर दे सकते हैं, जिस पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

C M Y K

## भारत विकास परिषद की नई प्रांतीय कार्यकारिणी घोषित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

भारत विकास परिषद के केंद्रीय कार्यालय ने नई प्रांतीय कार्यकारिणी की घोषणा की है। कार्यकारिणी में राधेश्याम सोमाणी को प्रांतीय अध्यक्ष, आनंद सिंह राठौड़ को प्रांतीय महासचिव और अमित सोनी को प्रांतीय वित्त सचिव बनाया गया है।

इसके अलावा मुकेश लाठी को राष्ट्रीय सह संयोजक (संस्कार), कमल किशोर व्यास को क्षेत्रीय संयोजक (संपर्क) और दिलीप पारीक को क्षेत्रीय संयोजक (पर्यावरण) नियुक्त किया गया है।



क्षेत्रीय संयोजक (सेवा) भवानी शंकर गौड़ ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि नई टीम के नेतृत्व में परिषद सेवा और संस्कार के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगी।

## बावड़ी में मिला नवजात का शव, क्षेत्र में फैली सनसनी

**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा ।**

डाबला गांव में एक प्राचीन बावड़ी में नवजात शिशु का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने बावड़ी में पानी और कचरे के बीच शव तैरता देखा तो तुरंत इसकी सूचना ग्राम पंचायत प्रशासक प्रद्युम्न सिंह राठौड़ को दी।

सूचना पर बनेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से नवजात के शव को बावड़ी से बाहर निकाला। इसके बाद 108 एम्बुलेंस की सहायता से शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार कर दिया गया। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई



जा रही है कि किसी अज्ञात महिला ने नवजात को जन्म देने के बाद उसे बावड़ी में फेंक दिया। पुलिस ने अज्ञात महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत, शिनाख्त के प्रयास जारी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले के गुलाबपुरा थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक युवक की मालगाड़ी के चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

जानकारी के अनुसार हादसा गुलाबपुरा में गुलाब बाबा की धूणी के पास हुआ, जहां पटरी पार करते समय युवक तेज रफ्तार मालगाड़ी की चपेट में आ गया। ट्रेन की गति अधिक होने के कारण युवक संभल नहीं पाया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

सूचना मिलने पर गुलाबपुरा थाना पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) मौके



पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया है। फिलहाल मृतक की पहचान के प्रयास जारी है और आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ कर शिनाख्त के प्रयास कर रही है।

## अवैध बजरी परिवहन में पूर्व सरपंच सहित छह गिरफ्तार, डंपर जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

सदर थाना पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन के मामले में कार्रवाई करते हुए मंगरोप के पूर्व सरपंच सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बजरी से भरा एक डंपर भी जब्त किया है।

पुलिस ने बताया कि पुलिस को अवैध बजरी परिवहन की सूचना मिली थी। इस पर कोटा की ओर से आ रहे एक डंपर को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक डंपर को तेज गति से भगाकर ले गया। पुलिस टीम ने पीछा कर डंपर को पकड़ लिया और जब्त कर लिया।

मौके से डंपर मालिक व मंगरोप के पूर्व सरपंच रतन पुत्र नारायण गुर्जर (38) निवासी मंगरोप को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा पप्पू पुत्र मोहनलाल सुथार (26) निवासी फलोदी, किशन सिंह उर्फ आदि सिंह पुत्र शिव सिंह राणावत (28) निवासी हासियास, प्रभु पुत्र भैरू भील (22) निवासी रीठ तथा एक नाबालिग को भी पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## गाय को बचाने के प्रयास में पिकअप खाई में पलटी, जनहानि टली



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** नेशनल हाईवे 758 पर ढेलाणा गांव के पास गुरुवार को गाय को बचाने के प्रयास में एक पिकअप गाड़ी सड़क किनारे खाई में पलट गई। हादसे में गनीमत रही कि चालक को कोई चोट नहीं आई। सवाईपुर चौकी के कांस्टेबल श्रवण कुमार ने बताया कि मांडलगढ़ से पशु आहार भरकर भीलवाड़ा की ओर जा रही पिकअप ढेलाणा गांव के पास अचानक सामने आई गाय को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई।

घटना की सूचना मिलते ही सवाईपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई।


'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ


## हाईटेंशन लाइन शिफ्टिंग के विरोध में कलेक्ट्रेट पर ग्रामीण ने किया प्रदर्शन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

पुर-समोडी-दरीबा क्षेत्र में हाईटेंशन बिजली लाइन को निजी खातेदारी व चारागाह भूमि में शिफ्ट करने के विरोध में गुरुवार को सहाड़ा विधायक लादूलाल पितलिया के नेतृत्व में ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जिन्दल सॉ कम्पनी द्वारा राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड की लाइन को अपनी भूमि से हटाकर किसानों की जमीन और चारागाह में अवैध रूप से शिफ्ट किया जा रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि इस कार्य से क्षेत्र में गड्ढे व मिट्टी के टीले बन गए हैं,



जिससे आमजन व मवेशियों के लिए खतरा पैदा हो गया है। साथ ही कुछ किसानों के बैंक खातों में बिना सहमति राशि जमा कर दबाव बनाने के आरोप भी लगाए गए हैं, जिसकी शिकायत बैंक में दी गई है।

वहीं ठेकेदार कंपनी ने पुलिस को दी रिपोर्ट में आरोप लगाया कि लाइन शिफ्टिंग के दौरान कुछ खेत मालिकों ने मजदूरों के साथ मारपीट कर कार्य रुकवा दिया। प्रदर्शन में तोताराम माली, बंशीलाल माली, नारायणलाल प्रजापति, नानी देवी प्रजापति, मांगी देवी प्रजापति, प्यारचंद माली, कन्हैयालाल प्रजापति, विनोद सेठिया, मीना अहीर, संजू पारीक, मदनलाल विश्नोई, लादूलाल विश्नोई, शंकरलाल विश्नोई और गोपाल विश्नोई सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## राजीविका में ट्रैक्टर खरीद को लेकर विवाद, सीएलएफ ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिले में राजीविका (राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद) की सीएचसी योजना के तहत ट्रैक्टर खरीद को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। सीएलएफ सखी संगठन के संयोजक दीपक व्यास के नेतृत्व में महिलाओं ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर टेंडर प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि ट्रैक्टर खरीद के लिए जिला स्तर पर टेंडर प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से नहीं करवाई गई। सीएलएफ पदाधिकारियों को पहले बिना जानकारी के टेंडर के लिए बुलाया गया और बाद में टेंडर निरस्त कर



दिए गए। इसके बाद दोबारा टेंडर प्रक्रिया कर दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवा लिए गए, लेकिन पूरी जानकारी नहीं दी गई।

सीएलएफ का आरोप है कि टेंडर में महेंद्रा व ग्रौमेक्स ट्रैक्टर की कीमत 6.90 लाख रुपए तय की गई, जबकि वही ट्रैक्टर बाजार में करीब 5.70 से 5.80 लाख रुपए में उपलब्ध है। इससे प्रति ट्रैक्टर करीब 1 से 1.20 लाख रुपए का नुकसान होने की आशंका जताई गई है।

**अधिकारियों पर मिलीभगत के आरोप**

सीएलएफ ने आरोप लगाया कि कुछ विभागीय अधिकारियों द्वारा एक विशेष कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए महंगे ट्रैक्टर खरीदने का दबाव बनाया जा रहा है। परियोजना के तहत 12 ट्रैक्टर खरीदे जाने हैं। महिलाओं ने विवादित टेंडर को निरस्त कर सीएलएफ को बाजार दर पर अपनी पसंद का ट्रैक्टर खरीदने की अनुमति देने और मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## नौगांवा में भागवत समरसता की गूंजः 6 प्रमुख स्थानों से निकलेंगी प्रभात फेरियां

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

वस्त्र नगरी भीलवाड़ा में भागवत समरसता महोत्सव के तहत आध्यात्मिक उत्सव की भव्य तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के 6 अलग-अलग स्थानों से निकलने वाली प्रभात फेरियां होंगी, जो श्रद्धालुओं को भक्ति के सूत्र में पिरोएंगी। आयोजन समिति ने दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाले भक्तों की सुविधा का विशेष ध्यान रखते हुए शहर के प्रमुख चौराहों और आसपास के गांवों से कथा स्थल तक पहुँचने के लिए बसों का व्यापक प्रबंध किया है, ताकि प्रत्येक श्रद्धालु सुगमता से इस अमृतमयी कथा का लाभ उठा सके। जोधपुर के गोवत्स राधाकृष्ण महाराज के पावन मुखारविंद से आगामी 27 मार्च से 2 अप्रैल 2026 तक गाडरमाला रोड स्थित माधव गौशाला परिसर, नौगांवा में श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया जाएगा। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। महोत्सव को सफल बनाने के





लिए संत श्री स्वयं श्रद्धालुओं के साथ विभिन्न क्षेत्रों में प्रभात फेरियों का नेतृत्व करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, प्रभात फेरियों का सिलसिला 28 मार्च को कोठारी वाटिका (पुर) से शुरू होगा। इसके पश्चात 29 मार्च को नीलकण्ठ महादेव मन्दिर (शास्त्री नगर), 30 मार्च को पुराना हनुमान मन्दिर (कारोई), 31 मार्च को दुदाधारी गोपाल मन्दिर (शहीद चौक), 1 अप्रैल को बालाजी मन्दिर (दरिबा कोटड़ी) और अंतिम दिन 2 अप्रैल को लक्ष्मीनाथ मन्दिर (गाडरमाला) से प्रभात फेरियाँ निकाली जाएंगी। इन सभी प्रभात फेरियों का समय प्रातः 6:30 से 7:30 बजे तक रहेगा, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है।

## मरुधरा का फाग उत्सवः चंग की थाप और गणगौर की धूम

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

भीलवाड़ा। शास्त्री नगर स्थित माहेश्वरी भवन में मरुधरा माहेश्वरी संस्थान द्वारा आयोजित 'होली स्नेह मिलन एवं गणगौर महोत्सव' बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। फागुनी बयार के बीच चंग और धमाल की गूंज ने पूरे वातावरण को राजस्थानी रंग में रंग दिया। इस दौरान जहां एक ओर होली के गीतों की धूम रही, वहीं दूसरी ओर क्रिकेट प्रेमियों के लिए एलईडी स्क्रीन पर मैच के सीधे प्रसारण ने उत्साह को दोगुना कर दिया। समारोह में आए अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष दिनेश राठी और मंत्री



नारायण बाहेती द्वारा किया गया। चंग धमाल की टोलियों ने पारंपरिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। इस अवसर पर समाज के प्रबुद्धजन राधाकिसन सोमानी, नंदकिशोर झंवर, राधेश्याम सोमानी और मुरारीलाल बियानी सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। राजेश बिहानी, महेश जाजू और राजेश बाहेती के विशेष सहयोग से कार्यक्रम सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। महिला दिवस के उपलक्ष्य में मरुधरा महिला मंडल द्वारा आयोजित गणगौर महोत्सव आकर्षण का केंद्र रहा। 'रिश्तों का रंग' थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में 'ट्विनिंग विद ट्रेडिशन' और 'डांस ड्रामा' की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं। डांस ड्रामाः बहनों की टीम ने प्रथम और मातृशक्ति की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ट्विनिंग विद ट्रेडिशनः श्वेता भूतड़ा और प्रियाल भूतड़ा प्रतियोगिता की विजेता रहीं। महिला मंडल की अध्यक्षा मनीषा झंवर और सचिव इशिता झंवर ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए समाज की एकजुटता पर बल दिया। कार्यक्रम में दामोदर सिंगी, श्रीवल्लभ चांडक, हनुमान प्रसाद दमानी, कैलाश तापड़िया, रतन लाल बाहेती, मेघराज बाहेती, महेश हुरकट, सत्यनारायण काबरा, हेमराज बजाज, सागरमल राठी और जगदीश सोनी जैसे वरिष्ठ जन उपस्थित थे।




QUICK BITES

## भगवान झूलेलाल जन्मोत्सव पर 15 मार्च को आयोजित होगा विशाल रक्तदान शिविर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**मूलचन्द पेसवानी**

सिन्धी समाज के आराध्य देव भगवान श्री झूलेलाल साहिब के जन्मोत्सव चेटीचंड के उपलक्ष में 15 मार्च को भीलवाड़ा में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर सिन्धुपति युवा सेवा संस्कार समिति (रजि.) व सिन्धुपति महिला मण्डल के तत्वावधान में सकल सिन्धी समाज भीलवाड़ा के सहयोग से आयोजित होगा।

समिति के अध्यक्ष दीपू सभनाणी ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था द्वारा आयोजित किया जा रहा यह 26वां रक्तदान शिविर है। समाज सेवा की भावना को आगे बढ़ाते हुए यह शिविर संत कंवर राम धर्मशाला, सिंधु नगर में 15 मार्च रविवार को आयोजित किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध कराना और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। सभनाणी ने बताया कि भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर आयोजित इस शिविर में समाज के युवाओं, महिलाओं और सभी समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान करने की अपील की गई है, ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके और मानव सेवा का यह पुनीत कार्य सफल हो सके।

इस आयोजन में शहर के विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संस्थानों का विशेष आशीर्वाद एवं सहयोग रहेगा। इनमें पूज्य दादा साहिब झूलेलाल मंदिर, हरिशेवा धाम, प्रेम प्रकाश (सांई टेऊराम साहिब) आश्रम, श्री गोविंद धाम दरबार तथा मां इच्छपूर्णी दुर्गा माता मंदिर का विशेष आशीर्वाद शामिल रहेगा। इसके अलावा सिन्धी सेंट्रल पंचायत, श्री झूलेलाल मित्र मंडल, अमर शहीद हेमू कालाणी शिक्षण संस्थान, शहर के सिंधी समाज के व्यापारिकगण तथा सकल सिन्धी समाज भीलवाड़ा की विभिन्न संस्थाओं का भी आयोजन में विशेष सहयोग रहेगा।

समिति पदाधिकारियों ने बताया कि रक्तदान शिविर को लेकर समाज में उत्साह का माहौल है। बड़ी संख्या में युवा रक्तदाता शिविर में भाग लेने के लिए आगे आ रहे हैं। आयोजन समिति ने विश्वास जताया कि समाज के सहयोग से यह शिविर भी पूर्व की भांति सफल रहेगा और जरूरतमंदों के लिए जीवनदायी साबित होगा।

## महिला दिवस कार्यक्रम आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ महुआ ।



क्षेत्र के श्री नगर पंचायत के राजस्व ग्राम दान जी का खेड़ा मे श्रीनगर, जसु जी का खेड़ा, झंझोला,महुआ ग्राम पंचायतो के महिला दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत प्रशासक कमला देवी खटीक की अध्यक्षता की महिला दिवस कार्यक्रम में कमला देवी ने महिलाओं की भूमिका एवं कर्तव्य के बारे में विस्तार से बताया। इसी दौरान ग्राम पंचायत श्रीनगर से प्रशासक रामलाल भील ने महिला नेतृत्व के बारे में विस्तार से बताया तथा एफ. ई. एस. संस्था के सदस्य नरेंद्र सिंह ने महिला एवं बालिकाओं की सामाजिक सुरक्षा योजना के बारे में विस्तार से चर्चा की एवं खानाराम गुर्जर ने शामलात संसाधनों के बारे में चर्चा की इस कार्यक्रम में श्रीनगर ग्राम पंचायत से उपसरपंच कैलाश बलाई,दुर्गासिंह,परमानंद, राधा, आशा,कैलाश खटीक सहित कई लोग मौजूद रहे।

भीलवाड़ा फोकस
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# जिला अस्पताल के पीछे कचरा जलाने से उठ रहा जहरीला धुआं, लोगों का जीना हुआ मुश्किल

## नगर पालिका द्वारा डाले जा रहे कचरे को जलाने से आसपास के मोहल्लों में फैल रहा धुआं





भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।

**मूलचंद पेसवानी**

शाहपुरा के जिला अस्पताल के पीछे स्थित क्षेत्र इन दिनों धुएं के गुबार से जूझ रहा है। नगर पालिका द्वारा यहां लंबे समय से डाला जा रहा कचरा जब-तब आग के हवाले कर दिया जाता है, जिससे उठने वाला काला धुआं आसपास के इलाके में रहने वाले लोगों के लिए बड़ी मुसीबत बन गया है। हालात ऐसे हो गए हैं कि लोगों को सांस लेना तक मुश्किल हो रहा है और पूरा क्षेत्र दिनभर जहरीले धुएं की चपेट में रहता है।

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि नगर पालिका के कर्मचारी शहर भर से कचरा एकत्र कर जिला अस्पताल के पिछवाड़े लाकर डाल देते हैं। जब कचरे का ढेर अधिक हो जाता है तो उसे वहीं पर जला दिया जाता है। कचरा जलाने से उठने वाला घना धुआं आसपास के मोहल्लों, कॉलोनियों और संस्थानों तक फैल जाता है। इससे लोगों की सेहत पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है और बच्चों, बुजुर्गों तथा मरीजों के लिए स्थिति और भी गंभीर बन गई है।

इस क्षेत्र की खास बात यह है कि यहां आसपास कई महत्वपूर्ण संस्थान स्थित हैं। पास ही जैन नसियां मंदिर और शिव मंदिर जैसे धार्मिक स्थल हैं, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इसके अलावा निजी क्षेत्र के आईपीएस स्कूल और इम्मानुएल स्कूल, सरकारी क्षेत्र का राउप्रावि कुंडगेट स्कूल, कन्या महाविद्यालय सहित चार कोचिंग संस्थान भी इसी मार्ग पर संचालित हो रहे हैं। वहीं दो रेस्टोरेंट, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी और नगर पालिका कॉलोनी में भी बड़ी संख्या में परिवार निवास कर रहे हैं। ऐसे में कचरा जलाने से उठने वाला धुआं सीधे तौर पर सैकड़ों लोगों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां कचरा डालने का कोई अधिकृत स्थान नहीं है, इसके बावजूद नगर पालिका कर्मचारी लगातार यहां कचरा डालते आ रहे हैं। दिन में कई बार कचरे के ढेर से धुआं उठता रहता है, जिससे पूरे इलाके में दुर्गंध और धुंध जैसा माहौल बन जाता है। नागरिकों का कहना है कि धुएं के कारण आंखों में जलन, गले में खराश और सांस लेने में तकलीफ जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। कई लोगों ने तो घरों की खिड़कियां बंद रखना शुरू कर दिया है ताकि धुआं अंदर न घुसे।

लोगों का यह भी आरोप है कि जिस कॉलोनी में वे रहते हैं वहां नियमित सफाई तक नहीं करवाई जाती, लेकिन शहर का कचरा उठाकर उनके ही इलाके में डाल दिया जाता है। इससे कॉलोनी की स्वच्छता और पर्यावरण दोनों प्रभावित हो रहे हैं।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस समस्या को लेकर पहले भी कई बार शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। नागरिकों ने कहा कि वर्तमान में नगर पालिका में एसडीओ प्रशासक के रूप में कार्यरत हैं, ऐसे में उनसे उम्मीद है कि वे इस गंभीर समस्या पर तुरंत ध्यान देंगे। नागरिकों ने मांग की है कि इस स्थान से कचरे के ढेर को अभियान चलाकर हटाया जाए और भविष्य में यहां कचरा डालने तथा जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को धुएं की इस समस्या से राहत मिल सके और उनका जीवन फिर से सामान्य हो सके।

# जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान का जन्म कल्याणक महोत्सव श्रद्धा से मनाया

## मुनि 108 श्री प्रणीत सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में अभिषेक, शांतिधारा, भक्तामर विधान का हुआ आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ महुआ ।




कस्बा स्थित जैन मंदिर में जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याणक महोत्सव गुरुवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। परम् पूज्य मुनि 108 श्री प्रणीत सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जैन समाज के धर्मावलंबी परिवार सहित शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 7 बजे अभिषेक एवं 108 मंत्रों से शांतिधारा के साथ हुई। शांतिधारा बोली द्वारा संपन्न कराई गई, जिसमें चार इंद्र बनाए गए। इस दौरान लाभचंद, देवेन्द्र कुमार, अशोक कुमार, विशाल, शांतिलाल, अंकित, चिन्मय, प्रकाश कुमार और राजकुमार ने अभिषेक का लाभ लिया।

इसके बाद सुबह 8 बजे भक्तामर स्तोत्र विधान का आयोजन हुआ। इसमें सौ धर्म इंद्र का पद अनिल कुमार, मुकेश कुमार, कमलेश और राजेश ने बोली के माध्यम से प्राप्त किया। विधान में मुख्य कलश स्थापना की गई, जिसमें चार महिलाओं ने चार कलश स्थापित किए। सुबह 10 बजे आहार चर्या आयोजित की गई। वहीं दोपहर 3 बजे से 1008 रिद्धि मंत्रों का जाप दंपतियों द्वारा किया गया।

शाम 6:30 बजे मुनि श्री के निर्देशन में स्वास्तिक आकार में संगीतमय भक्तामर महाआरती का आयोजन किया गया। जिन श्रद्धालुओं ने आरती में नाम लिखवाया था, उन्हें एक-एक टेबल दी गई, जिस पर परिवार सहित दीप प्रज्वलित कर आरती की गई। कार्यक्रम के दौरान बीच-बीच में भक्तों द्वारा संगीतमय भक्ति भी प्रस्तुत की गई।

इस अवसर पर समाज के लोगों ने अपने-अपने प्रतिष्ठान सुबह 11 बजे तक मंगल रखे और शाम 6 बजे से व्यवसाय मंगल रखते हुए भक्तामर महाआरती में शामिल हुए।

कार्यक्रम में सतीश सेठिया, चैनसुख काला, मुकेश सेठिया, नेमीचंद सेठिया, कैलाश सेठिया सहित जैन समाज के कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# धर्म जीवन को देता है सही दिशा, अधर्म ले जाता है पतन की ओर - सुकुन मुनि म.सा.

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



श्रमण संघीय प्रवर्तक गुरुदेव सुकुन मुनि म.सा. आदि ठाणा 5 ने फरमाया कि धर्म मनुष्य के जीवन को सही दिशा देने का कार्य करता है, जबकि अधर्म व्यक्ति को पतन और दुःख की ओर ले जाता है। मनुष्य यदि अपने जीवन में धर्म, संयम और सदाचार को अपनाए तो उसका जीवन सफल और सार्थक बन सकता है।

वे आज मेन सेक्टर शास्त्रीनगर स्थित राजेंद्र-पुष्पा गोखरू निवास पर आयोजित प्रार्थना व धर्मचर्चा में उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज के समय में भौतिक सुख-सुविधाओं की दौड़ में मनुष्य अपने मूल धर्म और संस्कारों से दूर होता जा रहा है, जिसके कारण जीवन में अशांति और तनाव बढ़ रहा है। यदि व्यक्ति धर्म के मार्ग पर चले, तो जीवन में शांति, संतोष और आनंद की प्राप्ति होती है।

उपप्रवर्तक अमृत मुनि म.सा. ने फरमाया कि धर्म केवल पूजा-पाठ या अनुष्ठानों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की एक श्रेष्ठ कला है। धर्म हमें सत्य, अहिंसा, करुणा और सेवा जैसे उच्च मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति दूसरों के प्रति दया, प्रेम और सद्भाव रखता है, वही सच्चे अर्थों में धर्म का पालन करता है। मुनिश्री ने उपस्थित श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में अच्छे संस्कारों को अपनाएं, बुराइयों से दूर रहें और समाज में प्रेम, सद्भाव एवं मानवता का संदेश फैलाएं। धर्म के मार्ग पर चलकर ही व्यक्ति आत्मिक शांति प्राप्त कर सकता है और समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है।


जैन कॉन्फ्रेंस राष्ट्रीय महिला शाखा की निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्षा पुष्पा गोखरू, समाजसेवी राजेंद्र गोखरू ने मुनिवृंद का स्वागत-अभिनंदन करते हुए कहा कि आज गुरुदेवों के चरणों की रज से हमारा घर-आंगन पवित्र और धन्य हो गया है। उन्होंने कहा कि संतों का सान्निध्य मिलना अत्यंत सौभाग्य की बात है तथा उनके प्रवचनों से जीवन में सकारात्मक दिशा और आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त होती है। उन्होंने उपस्थित विभिन्न संघों के पदाधिकारियों व समाजजनों का आभार व्यक्त किया।

मनीष बम्ब ने बताया कि धर्मचर्चा में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने उपस्थित होकर मुनिश्री के प्रवचनों का लाभ लिया और धर्म के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। धर्मचर्चा के पश्चात गुरुदेव सुकुन मुनि आदि ठाना 5 ने स्वाध्याय भवन न्यू आजाद नगर में प्रवेश किया।

इस दौरान शांति भवन श्री संघ, अहिंसा भवन श्री संघ, न्यू आजाद नगर श्री संघ के पदाधिकारीगण सहित कई श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहे ।

## भीलवाड़ा में फूड टेस्टिंग लैब शुरू करने को लेकर विधायक कोठारी ने मांगी जानकारी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



शहर विधायक अशोक कुमार कोठारी ने जिले में फूड टेस्टिंग लैब शुरू करने को लेकर सरकार से जानकारी मांगी है। उन्होंने प्रश्न के माध्यम से भीलवाड़ा में खाद्य पदार्थों की जांच के लिए प्रस्तावित लैब के संचालन में हो रही देरी के कारणों का विस्तृत विवरण मांगा है। कोठारी ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर से पूछा कि भीलवाड़ा में खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच के लिए लैब भवन बनने के बाद भी अब तक संचालन क्यों शुरू नहीं किया गया। साथ ही यह भी जानकारी मांगी कि क्या राज्य सरकार द्वारा फूड टेस्टिंग लैब के लिए करोड़ों रुपये के उपकरण खरीदे गए हैं और किन-किन जिलों के लिए कितनी राशि के उपकरण खरीदे गए हैं। इसके अलावा उन्होंने फूड टेस्टिंग से जुड़े लंबित मामलों की संख्या, भीलवाड़ा से संबंधित प्रकरणों का विवरण तथा शाकाहारी के साथ मांसाहारी खाद्य पदार्थों की जांच के लिए भी लैब स्थापित करने की योजना और उसके संभावित समय के बारे में जानकारी मांगी है। कोठारी ने कहा कि जिले में फूड टेस्टिंग लैब शुरू होने से खाद्य पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो सकेगा।

# शहीद दिवस पर राम जन्मभूमि आंदोलन के बलिदानियों को दी श्रद्धांजलि

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल भीलवाड़ा महानगर द्वारा गुरुवार को सांगानेरी गेट स्थित शहीद चौक स्मारक पर शहीद दिवस कार्यक्रम आयोजित कर राम जन्मभूमि आंदोलन में बलिदान हुए राम भक्तों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।
महानगर प्रचार-प्रसार प्रमुख विराट सोनी ने बताया कि यह कार्यक्रम 12 मार्च 1991 को राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के दौरान बलिदान हुए राम भक्त सुरेश जैन और रतन लाल सेन की स्मृति में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा, पुष्पांजलि और बलिदानियों के सम्मान में सभा का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम में शहीद सुरेश जैन के भाई शांति लाल जैन सहित प्रांत से ओमप्रकाश बुलिया, अखिलेश व्यास, विभाग से विजय ओझा, महानगर से ओमप्रकाश लड्ढा, मुकेश प्रजापत, भारत गेंगट, सौम्या मेहता तथा प्रखंड से लक्ष्मण सिंह, प्रेम कुमार सेन सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डब्ल्यू-26 विजुअल आर्ट एक्जीबिशन का समापन, देश-विदेश के कलाकारों की कलाकृतियों ने मोहा मन





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित 'डब्ल्यू-26 विजुअल आर्ट एक्जीबिशन' का समापन गुरुवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। दीपिका आर्ट एकेडमी, नवदीप और नेशनल आर्टिस्ट्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रदर्शनी में देश-विदेश के कलाकारों की विभिन्न विधाओं की उत्कृष्ट कलाकृतियां प्रदर्शित की गई, जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में कला प्रेमी, विद्यार्थी और कलाकार पहुंचे।
कार्यक्रम के दौरान अलय मिस्त्री ने मिट्टी कला (क्ले आर्ट) का लाइव डेमोंस्ट्रेशन दिया और मिट्टी से कलाकृतियां बनाने की बारीकियों को साझा किया। वहीं दीपिका पाराशर ने प्रिंट मेकिंग विषय पर विशेष वार्ता आयोजित कर इसकी विभिन्न विधाओं और तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ऐसी प्रदर्शनियां कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच देती हैं और युवाओं को कला के प्रति प्रेरित करती हैं।
कार्यक्रम में पर्यावरणविद् बाबूलाल जाजू सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि कला समाज की संवेदनाओं और विचारों को अभिव्यक्त करने का सशक्त माध्यम है तथा इस प्रकार के आयोजन रचनात्मकता और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं।
समापन अवसर पर नेशनल आर्टिस्ट्स एसोसिएशन के फाउंडर अतुल पड़िया ने प्रदर्शनी में लगी पेंटिंग्स को उतारकर कार्यक्रम का औपचारिक समापन किया। इस दौरान प्रदर्शनी में भाग लेने वाले कलाकारों को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर साइबर सेफ्टी तथा महिला सुरक्षा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाडा ।**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गुरूवार को पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा एवं जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अतिरिक्त महानिदेशक, पुलिस राजस्थान द्वारा 'साइबर सेफ्टी तथा महिला सुरक्षा एवं नवीन न्याय संहिता जागरूकता' विषय पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इंटरफेस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सेठ मुरलीधर मानसिंहका राजकीय कन्या महाविद्यालय की बड़ी संख्या में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाएँ, छात्राएं एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।
जागरूकता कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को साइबर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई तथा उन्हें ऑनलाइन ठगी, साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े विभिन्न कानूनी प्रावधानों एवं नवीन न्याय संहिता के बारे में भी जानकारी दी गई।
कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को जागरूक, सतर्क एवं आत्मविश्वासी बनाना था, ताकि वे डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित उपयोग कर सकें और किसी भी प्रकार के साइबर अपराध की स्थिति में उचित कदम उठा सकें।

# राजकीय अल्पसंख्यक छात्रावास एवं पंजीकृत मदरसों में ऋषभदेव जंयती का आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



भगवान ऋषभदेव जयंती पर दिक्षा कल्याणक के उपलक्ष्य में राजस्थान मदरसा बोर्ड, जयपुर के निर्देषानुसार जिले के पंजीकृत मदरसों में हर्षोल्लास से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।
जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि विद्यार्थीयों द्वारा चार्ट, रंग-रोगन, पोस्टर, बनाए गए तथा निबंध लेखन प्रतियोगिता भी की गई तथा साथ ही राजकीय अल्पसंख्यक बालिका छात्रावास में भी विभिन्न सम्बंधित गतिविधियों का आयोजन किया गया। भगवान ऋषभदेव के अहिंसा, संयम तथा तप के उपदेष द्वारा भारतीय संस्कृति में योगदान एवं विद्यार्थी जीवन में उनके महत्व को बताया गया।

## 31 मार्च को मनाया जायेगा भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

श्री सकल श्वेताम्बर जैन समाज की बैठक हेड पोस्ट ऑफिस स्थित शांति भवन में आयोजित हुई । जिसमें भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव को आगामी 31 मार्च को भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। महोत्सव का संयोजक दिलीप मेहता को तीनों संघों द्वारा सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया। बैठक में आयोजन की रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं विभिन्न जिम्मेदारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।
बैठक में तीनों संघों के अध्यक्ष राजेंद्र चिपड़, जसराज चोरड़िया, गोवर्धनसिंह कावड़िया, विनोद बम्ब, मंत्री नवरतनमल भलावत, योगेश चंडालिया, पारसमल कूकड़ा, ज्ञानमल सुराणा, निर्मल गोखरू, सुशील चपलोत, महावीर आंचलिया ने अपने सुझाव दिए और आयोजन को सफल बनाने के लिए सक्रिय सहयोग का आश्वासन दिया।
संयोजक दिलीप मेहता, मीडिया प्रभारी मनीष बम्ब ने बताया कि आगामी 31 मार्च को सुबह 9 बजे महावीर पार्क से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए चित्रकूट धाम पहुंचकर संपन्न होगी।

## 25 दिन के राइडर नियम से बढ़ी परेशानी, गैस डिलीवरी सुधारने की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

सामाजिक संस्था लाडो सेवा फाउंडेशन के संस्थापक एडवोकेट लक्ष्मण सिंह राठौड़ ने प्रदेश में रसोई गैस की डिलीवरी में हो रही देरी पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार के अनुसार गैस का कोई संकट नहीं है, तो उपभोक्ताओं को बुकिंग के बाद समय पर सिलेंडर क्यों नहीं मिल रहा।
संस्था ने बताया कि पहले ऑनलाइन बुकिंग के बाद एक-दो दिन में घर पर गैस सिलेंडर की डिलीवरी मिल जाती थी, लेकिन अब कई जगह उपभोक्ताओं को गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है। इससे महिलाओं, बुजुर्गों और कामकाजी परिवारों को परेशानी हो रही है।
संस्था ने 25 दिन के राइडर नियम को भी आम परिवारों के लिए परेशानी का कारण बताते हुए सरकार से गैस की नियमित होम डिलीवरी सुनिश्चित करने और इस नियम पर पुनर्विचार करने की मांग की है।

QUICK BITES

## श्री लक्ष्मीनाथ भगवान का फूलडोल महोत्सव आज, भजन संध्या होगी आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

बरूंदनी कस्बे में श्री लक्ष्मीनाथ भगवान का फूलडोल महोत्सव आज श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। महोत्सव को लेकर गांव में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और ग्रामवासी आयोजन को सफल बनाने में जुटे हुए हैं।
महोत्सव के तहत रात 8:15 बजे से भव्य भजन संध्या आयोजित होगी। इसमें श्री देव म्यूजिकल ग्रुप, सूरत द्वारा संगीतमय प्रस्तुतियां दी जाएंगी। कार्यक्रम में भजन गायक युवराज वैष्णव, तृषा सुथार और दिनेश राठौड़ भजनों की प्रस्तुति देंगे।
आयोजनकर्ता सुरेश वैष्णव ने बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## ऋष्य श्रृंग संस्थान में श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव जारी, कथावाचक ने बताया भागवत का महात्म्य

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



ऋष्य श्रृंग संस्थान, हरणी महादेव रोड, शास्त्रीनगर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव में श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर कथा का श्रवण कर रहे हैं। कथावाचक भगवती कृष्ण महाराज ने कथा के दौरान श्रीमद् भागवत के महात्म्य का विस्तार से वर्णन करते हुए भक्तों को धर्म और भक्ति का संदेश दिया। आयोजक पारीक परिवार ने बताया कि स्व. जगदीश प्रसाद पारीक की पावन पुण्य स्मृति में भागवत कथा आयोजित की जा रही है। कथा का वाचन मेवाड़ धरा के सुप्रसिद्ध अथर्ववेदाचार्य श्रद्धेय भगवती कृष्ण महाराज के मुखारविंद से किया जा रहा है। कथा का समय प्रतिदिन मध्यान्ह 12:15 बजे से शाम 4:15 बजे तक रखा गया है। आयोजन में विशेष अनुग्रह अरुणा पारीक के सानिध्य में हर्षवर्धन, प्रहलाद, बालमुकुंद, बालस्वरूप, रविशंकर, विवेक पारीक सहित समस्त पारीक परिवार (खजूरी वाले) द्वारा श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में कथा श्रवण करने का आह्वान किया गया है। कथा के दूसरे दिन कथावाचक भगवती कृष्ण महाराज ने सुखदेव जन्म कथा तथा भगवान के विभिन्न अवतारों के प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन के कर्मों का भी आत्ममंथन करना चाहिए कि उसने जीवन में क्या कमाया और क्या खोया। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से श्रवण करना अथवा करवाना अत्यंत पुण्यदायी होता है। मनुष्य जैसा अन्न ग्रहण करता है, वैसा ही उसका व्यवहार और जीवन बनता है, इसलिए जीवन में सकारात्मक भाव और सहयोग की भावना के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

## जिले में 15 मार्च से चना-सरसों खरीद के लिए पंजीयन, 25 मार्च से शुरू होगी खरीद

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर चना एवं सरसों की खरीद के लिए जिले में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। किसानों के लिए 15 मार्च से पंजीयन शुरू किया जाएगा, जबकि 25 मार्च से समर्थन मूल्य पर खरीद कार्य प्रारंभ होगा। जिले में भीलवाड़ा, मांडलगढ़, गुलाबपुरा, रायपुर, आसींद, गंगापुर, मांडल, शाहपुरा, जहाजपुर, बनेड़ा और कोटड़ी की क्रय-विक्रय सहकारी समितियों के साथ ही बिजौलिया व काछोला उपकेंद्र तथा ग्राम सेवा सहकारी समितियों में महुआ, सुरास, अंटाली, भगवानपुरा, सांगरियां, बच्छखेड़ा, खजुरी, शक्करगढ़, उदलियास, कंकोलियाघाटी और बडलियास सहित कुल 24 केंद्रों पर खरीद की व्यवस्था की गई है। सरकार द्वारा चना का समर्थन मूल्य 5875 रुपये प्रति क्विंटल तथा सरसों का समर्थन मूल्य 6200 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। किसानों से निर्धारित तिथि के अनुसार पंजीयन करवाकर अपनी उपज समर्थन मूल्य पर बेचने की अपील की गई है।

## 25वीं पैदल यात्रा का आयोजन 15 को

**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा ।**



नगर से श्री त्रिदेव महादेव मंदिर कवलियास के लिए 25वीं पैदल यात्रा का आयोजन 15 मार्च को किया जाएगा। यह धार्मिक यात्रा शाम 8:15 बजे श्री चारभुजा नाथ मंदिर सरदार नगर से प्रारंभ होगी। यात्रा में बड़ी संख्या में शिव भक्तों के शामिल होने की संभावना है। आयोजकों ने बताया कि यात्रा के दौरान भक्तजन भगवान शिव के जयकारों के साथ पैदल चलकर मंदिर पहुंचेंगे और पूजा-अर्चना करेंगे।

## विधिक जागरूकता शिविर आयोजित, राष्ट्रीय लोक अदालत व बाल विवाह के दुष्परिणामों की दी जानकारी

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**




**मानव तिवारी** तालुका विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन कागजी के निर्देशानुसार गुरुवार को बिजौलिया, गोविंदपुरा और उमाजी का खेड़ा में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को राष्ट्रीय लोक अदालत, बाल विवाह के दुष्परिणाम तथा आशा चेतना अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और अधिक से अधिक लोगों से इन अभियानों से जुड़ने का आह्वान किया गया।
इस दौरान पीएलवी राम बाबू माथुर, सुनीता नायक, गिरधर सिंह राजपूत, सुनील धाकड़, खेमजी धाकड़, भूपेंद्र प्रजापत, मुकेश धाकड़ सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।